# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

**कक्षा: चार** **विषय :हिंदी** **पाठ ६: अनोखा बर्थडे**

**कठिन शब्द**

**)बर्थडे**

**2)दीर्घायु**

**3)राजा-मंडी**

**4)बिस्किट**

**5)म्यूजिक-डांस**

**6)मोमबत्ती**

**7)आनंदित**

**8)वार्डन**

**9)क्यारियों**

**10)हादसे**

**11)अनाथालय**

**12)लूट-खसोट**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**प्रश्न आर्यन के लिए बर्थडे का मतलब क्या था ?**

उत्तर आर्यन के लिए बर्थडे का मतलब था ।मनपसंद केक काटना ,घर को गुब्बारों से सजाना, दोस्तों के साथ खाना-पीना, म्यूजिक-डांस ,ढेर सारी मस्ती और गिफ्ट बटोरना ।

प्रश्न सुबह नौ बजे मंदिर पहुँच कर सब ने क्या किया ?

उत्तर सुबह नौ बजे मंदिर पहुँचकर मम्मी- पापा ने पंडित जी से पूजा करवाई । आर्यन ने सभी के पैर छुए ।पंडित जी ने दीर्घायु का आशीर्वाद दिया तथा सबको प्रसाद दिया ।फिर सब लोग भगवान को प्रणाम कर मंदिर से चल दिए।

प्रश्न पापा ने बाज़ार से क्या-क्या सामान खरीदा?

उत्तर पापा ने बाज़ार से ढेर सारी चॉकलेट, टॉफियाँ, बिस्कुट के बड़े-बड़े पैकेट, रंग-बिरंगे गुब्बारे और केक खरीदा ।

प्रश्न आर्यन ने अपना बर्थडे कहाँ मनाया?

उत्तर आर्यन ने अपना बर्थडे श्रीनाथजी अनाथालय के बच्चों के साथ मनाया ।

प्रश्न पापा ने घर लौटते समय क्या कहा?

उत्तर पापा ने घर लौटते समय की कहा कि हमें उन लोगों को खुशियाँ देने की कोशिश करनी चाहिए, जिनके जीवन से खुशियाँ दूर हो गई हो ।

रिक्त स्थान भरिए ।

१) आर्यन अपना अनोखा बर्थडे मना कर बहुत आनंदित था ।
२) मम्मी ने कुछ टॉफियाँ और चॉकलेट बच्चों की ओर फेंकी ।
३) चारों तरफ फूलों की क्यारियों से दृश्य और भी सुंदर हो गया था ।
४) आर्यन और परी पापा का चेहरा पढ़ने का प्रयास कर रहे थे ।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) विशेष- खास

मुझे मेरे जन्मदिन पर एक विशेष उपहार मिला ।

ख) प्रयास- कोशिश

सच्चा प्रयास करने पर सफलता अवश्य मिलती है ।

ग) सेवक- नौकर

राजा ने वफ़ादार सेवक को इनाम दिया ।

घ) हादसा -दुर्घटना

कार का पेड़ से टकराने का हादसा बहुत डरावना था ।